# हिन्दी भारत की शक्ति है

**भाषा ही नहीं अभिव्यक्ति है, हिन्दी भारत की शक्ति है।**
**संस्कृत पुत्री ले सरलता उतरी, ये सरस्वती की भक्ति है।।**

**जन-गण की ये भाषा है, तन-मन की अभिलाषा है**
**धर्मों का संभाव लिए, उत्तर-दक्षिण का जुड़ाव लिए**
**हिन्दी है पहचान देश की, अखंड भारत के परिवेश की**
**ये भारत की संस्कृति है, हिन्दी भारत की शक्ति है।**

**अन्य से इसका बैर नहीं, इसके लिए कोई गैर नहीं**
**भले न इसके पैर सही, कई देशों मे करती सैर रही**
**गूगल ने इसे विस्तार दिया, संभावनाओ का संसार दिया**
**पूरे विश्व में इसकी हस्ती है, हिन्दी भारत की शक्ति है।**

**तुलसी, कबीर, सूर, रसखान, किया सभी ने हिंदी में गुणगान**
**महादेवी, निराला, प्रसाद, बच्चन, दिनकर जैसे कई कवि महान**
**नीरज, प्रदीप, गुलजार, आनंद, समीर के गीतों की है शान**
**ये हिन्दी के प्रख्यात व्यक्ति है, हिन्दी भारत की शक्ति है।**

**साहित्य, कला, फिल्में, विज्ञापन, हिंदी माध्यम से है अध्यापन**
**पूजा-आराधना हो या योग-साधना हिन्दी में है उत्तम संसाधन**
**गांधी, सुभाष, मोदी, अटल ने पहुंचाया हिंदी को विश्व-पटल**
**देवनागरी को दी नई युक्ति है, हिन्दी भारत की शक्ति है।**

**भाषा ही नहीं अभिव्यक्ति है, हिन्दी भारत की शक्ति है।**
**संस्कृत पुत्री ले सरलता उतरी, ये सरस्वती की भक्ति है।।**

सुशील कुमार, आशुलिपिक
ड़ीन कार्यालय, निफ़्ट मुख्यालय